## कार्यालय, लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, लखनऊ।

पत्रांक सं0:– ल0ब0शा0 / विधिक / 2025–26 / 373     दिनांक–17 / 05 / 2025

सेवा में,

श्रीमान प्राचार्य / प्रबन्धक / सचिव     **अति आवश्यक**

ई–लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस

ग्राम–पोहल्ली, सरधना बाईपास, मेरठ

मो0–8881888940

**विषय– बकाया परीक्षा शुल्क की अदायगी में विफलता के परिणामस्वरूप छात्रों के परीक्षा परिणाम के इस्तेहार (घोषणा) पर तत्कालिक रोक एवं अन्तिम विधिक इत्तिला।**

महोदय्

आपके महाविद्यालय द्वारा सत्र 2024–25 हेतु परिषद् को देय शुल्क का भुगतान नियत समयविधि में नहीं किया गया है जिससे परिषद् के प्रशासनिक एवं विधिक प्रावधानों का प्रत्यक्षतः उल्लंघन हुआ है परिषद् के आला अधिकारियों द्वारा पूर्व में आपको स्मरणार्थ लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया था तथापि अब तक उक्त बकाया राशि की अदायगी नहीं की गयी है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि जो संस्था, परिषद् के अधीन कार्य करती है, यदि वित्तीय दायित्वों का पालन करने में विफल रहती है, तो परिषद् को यह वैधानिक अधिकार है कि वह वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा को स्थगित करे अथवा अन्य विधिक विकल्पों का प्रयोग करे।

अतः आपके महाविद्यालय के समस्त छात्रों के परीक्षा परिणाम अग्रिम आदेश तक स्थगन करने के लिए परीक्षा समिति एवं माननीय् अध्यक्ष महोदय् जी को पत्रावली प्रस्तुत की जा रही है। जब तक कि समस्त बकाया देय राशि परिषद् के अधिकृत कोष में जमा नहीं कर दी जाती तब तक छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा समिति को कार्यालय से निर्देश जारी नहीं होंगे।

यह न्यायसम्मत अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है कि 07 कार्यदिवस की अवधि के भीतर महाविद्यालय की ओर से पूर्ण भुगतान किया जाये अन्यथा परिषद् स्वयं को बाध्य पायेगी कि वह परिषद् के संविधान तथा सम्बन्धित अधिनियमों के तहत विधिक कार्यवाही करते हुये छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित

न करे तथा मियादी समय बीतने के बाद समस्त छात्रों का पंजीकरण निरस्त करने की कार्यवाही अमल में लाने के लिए बाध्य होगी। जिसकी समस्त जवाबदयी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

**आप इस नोटिस को परिषद् विधि के अन्तर्गत विधिसम्मत चेतावनी मानें।**

**भवदीय**

अध्यक्ष
विधिक एवं सलाहकार समिति
लाल बहादुर शास्त्री
पराचिकित्सीय कौशल एवं
प्रशिक्षण परिषद (भारत)

**अंशु रस्तौगी**
**(अध्यक्ष)**
**विधिक एवं सलाहकार समिति**

**पत्रांक सं0:– ल0ब0शा0 / विधिक / 2025–26 /** 373 **तददिनांक–**

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. माननीय् अध्यक्ष महोदय् लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद्
2. माननीय् महासचिव महोदय् लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद्
3. माननीय् अध्यक्ष महोदय् परीक्षा नियंत्रक समिति लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद्
4. माननीय् रजिस्ट्रार महोदय् लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद्
5. गार्ड फाईल

**अंशु रस्तौगी**
**(अध्यक्ष)**
**विधिक एवं सलाहकार समिति**

अध्यक्ष
विधिक एवं सलाहकार समिति
लाल बहादुर शास्त्री
पराचिकित्सीय कौशल एवं
प्रशिक्षण परिषद (भारत)